शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट सराहनीय कार्य- दिनांक 14.06.24

थाना निगोही पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी 01 नफर अभियुक्त को मय चोरी के माल सहित किया गया गिरफ्तार

शासन की मंशानुरूप एवं श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान जनपद में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही एवं अपराध की रोकथाम के अभियान के क्रम में श्री संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में व श्री अमित कुमार चौरसिया क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण मे थाना निगोही पुलिस टीम को बडी कामयाबी हासिल हुई।

वादी श्री अनिल कुमार पुत्र स्व0 राजाराम निवासी आई.टी.आई. कालोनी थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर की तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर दिनाँक 23/03/2024 को मु0अ0सं0 146/2024 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिसमें वादी का ई रिक्शा व मोबाइल एन्ड्रायड फोन रेडमी अज्ञात व्यक्ति द्वारा डडिया बाजार से चोरी कर लिया गया था। जिसमें आज दिनाँक 14/06/2024 को थाना निगोही पुलिस द्वारा अभियुक्त रोहित श्रीवास्तव पुत्र हरिओम श्रीवास्तव निवासी ग्राम बढ़ेपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को तिलहर रोड से ग्राम कुदिन्ना जाने वाले मार्ग पर मय मुकदमा उपरोक्त में चोरी ई रिक्शा व मोबाइल एन्ड्रायड फोन रेडमी के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त रोहित श्रीवास्तव द्वारा अपना जुर्म कबूल किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है एवं मुकदमा उपरोक्त में विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

रोहित श्रीवास्तव पुत्र हरिओम श्रीवास्तव निवासी ग्राम बढ़ेपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 28 वर्ष

अभियुक्त से बरामद माल का विवरण

एक अदद ई रिक्शा व एक अदद मोबाइल एंड्राइड कम्पनी रेडमी

अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग

मु0अ0सं0 146/24 धारा 379/411 भादवि थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 मनोज कुमार
2. का0 2576 तुषान्त चौधरी
3. का0 1852 अबरार